<u>प्रतिवेदन</u>

कार्यक्रम – एन सी सी दिवस

आयोजक – एन सी सी विभाग

दिनांक – 07 / 12 / 2018

70 वाँ एनसीसी दिवस के अवसर पर प्रो0 सरला जोगी के संयोजन में दिनांक 07 दिसम्बर को महात्मा गांधी शासकीय महाविद्यालय खरसिया में पूरे जोश एवं उत्साह के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रो0 एम एल धीरही, डॉ0 आर के टण्डन, प्रो0 एस के इजारदार, प्रो0 ए के पटेल, सुरेन्द्र मेहरा, छात्र संघ अध्यक्ष आशीष राठौर व एनसीसी अधिकारी ले0 सरला जोगी ने माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की। प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे के कर कमलों से केक काटा गया, इसी के साथ एकता व अनुशासन के प्रतीक एनसीसी के अन्तर्गत शकुन्तला सतनामी, टीकाराम को बेस्ट कैडेट, बेस्ट कमाण्ड के लिए शकुन्तला, सर्वाधिक शिविर सहभागिता के लिए रमेश बंजारे, बेस्ट टर्न आउट के लिए रेखा चौधरी व राजेन्द्र का चयन करते हुए मेडल से सम्मानित किया गया।

मंचीय कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ हुईं, जिसमें समूह नृत्य में शकुंतला एण्ड कैडेट्स के झमाझम, आकर्षक एवं सुन्दर वेशभूषा से सज्जित कैडेट्स के नागपुरी नृत्य को प्रथम स्थान प्रदान किया गया। मूक अभिनय में हरिहर दिनकर, करिश्मा डनसेना, राहुल, जसवीर, सविता टण्डन को प्रथम स्थान पर रखा गया। इस अभिनय के माध्यम से मोबाईल के दुरूपयोग व बुढ़े माँ–बाप की अनदेखी पर चिंता व्यक्त की गई। एकल नृत्य में प्रथम स्थान पर रही शकुन्तला सतनामी छत्तीसगढ़ी लोक कला पर आधारित किसान गीत पर सम्पूर्ण भाव के साथ इस कदर थिरकीं कि दर्शक–दीर्घा वाह–वाह कर उठी। इसी गीत व नृत्य पर राष्ट्रीय एकता शिविर मैहर में शकुन्तला सतनामी ने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ को स्वर्ण पदक दिलाकर खरसिया महाविद्यालय और 28 सीजी बटालियन एनसीसी रायगढ़ का मान बढ़ाया था। भांगड़ा नृत्य के माध्यम से पूरा पंजाब दर्शन कराने वाली बहुमुखी प्रतिभा की धनी रेखा चौधरी ने ''जूति पटियाले दिया'' पर एकल नृत्य कर द्वितीय स्थान हासिल किया। सुमधुर कंठ से ''अरपा पैरी'' का गीत गाकर प्रथम स्थान प्राप्त कैडैट उषा पटैल ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अन्य प्रस्तुति में मुख्य रूप से चन्द्रकान्ता डनसेना का सम्बलपुरी नृत्य, सविता टंडन का नृत्य, उर्वशी का क्लासिकल नृत्य, शकुन्तला का क्लासिकल नृत्य व मंजू सारथी का मनमोहक नृत्य उल्लेखनीय रहा। इन सभी कैडेट कलाकारों को मुख्य अतिथि एम डी वैष्णव, प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे, डॉ0 आर के टण्डन, प्रो0 सरला जोगी ने मेडल से सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन दिनेशप्रताप दिनकर व सीनियर अंडर आफिसर शकुन्तला सतनामी ने एवं सहयोग रमेश बंजारे जूनियर अंडर आफिसर तथा तारावती राठिया क्वाटर मास्टर ने किया। डॉ0 पी एल पटेल, प्रो0 मनोज साहू, प्रो0 जुवेल केरकेट्टा, प्रो0 पी के चेतानी सहित समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों व छात्रों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चाँद लगाया।